कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) › शुक्रवार, 8 मई 2020 › वैशाख 18 शक संवत 1942 वैशाख ज्येष्ठ कृष्ण प्रतिपदा विक्रम संवत 2077 YOUNG INDIA > YOUNG PAPER पेज 14* › मूल्य सिर्फ 4.00 रु. facebook.com/nbtlucknow>twitter.com/nbtlucknow Vol.2 no 125

बालू अड्डा
यहां से ली गई तस्वीर
दूरी- 10.8 KM
इकाना स्टेडियम

NBT
नवभारत टाइम्स

कोरोना से डरें नहीं, लड़ें

STAY HOME !

लखनऊ
नवभारत टाइम्स। कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)। शुक्रवार, 8 मई 2020 | www.lucknow.nbt.in



# नासा में पढ़े जाएंगे प्रो. भरत की किताब के पाठ

## एसएमएस के पर्यावरण वैज्ञानिक प्रो. भरत राज सिंह की लिखी पुस्तक क्लाइमेट चेंज का दो-अध्याय हुआ शामिल

■ **एनबीटी, लखनऊ:** विश्व के प्रतिष्ठित अमेरिकी शोध संस्थान नासा में लखनऊ के पर्यावरण वैज्ञानिक प्रो. भरत राज सिंह की पुस्तक क्लाइमेट चेंज के दो अध्यायों को अनुसंधान प्रकाशन में शामिल किया गया है। इसे वहां के शोधार्थी पढ़ेंगे। प्रो. सिंह की पुस्तक जलवायु परिवर्तन पर लिखी गई है। इससे पहले भी उनकी कई पुस्तकें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुकी हैं।



### शोध में उपयोग के लिए भी जोड़ा

प्रो. भरत विख्यात पर्यावरण वैज्ञानिक और वैदिक विज्ञान केंद्र लखनऊ के अध्यक्ष हैं। साथ ही एकेटीयू से संबद्ध कॉलेज स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ के महानिदेशक भी हैं। तकनीकी प्रो. सिंह की जलवायु परिवर्तन पर आधारित पुस्तक 'क्लाइमेट चेंज' जो क्रोशिया से 2013 में प्रकाशित हुई थी। इसके दो अध्यायों को विश्व के अनुसंधानकर्ताओं के अग्रिम शोध में उपयोग के लिए जोड़ा गया है। क्लाइमेट चेंज के चैप्टर 9 व 14 को नैशनल स्नो और आइस डेटा सेंटर नासा में शामिल किया गया है, जिसका उपयोग अनुसंधानकर्ता रिसर्च के लिए कर सकेंगे।